सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–05.10.2026 को विभागीय पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति :– पंजी के अनुसार।

सचिव द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् प्रशाखावार समीक्षा प्रारंभ की गई।

1. **A.E.B.A.S./B.B.A.S.**– आई0टी0 मैनेजर द्वारा बताया गया कि पूर्व की बैठक में यथा निदेशित मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रत्येक दिन की उपस्थिति विवरणी सचिव महोदय के अवलोकनार्थ प्रस्तुत की जा रही है। अवर सचिव स्थापना–01 द्वारा बताया गया प्राप्त उपस्थिति विवरणी में कुछ पदाधिकारी/कर्मी लगातार आदतन विलंब से कार्यालय आ रहे है। उपस्थिति विवरणी पर यथानिदेशित कार्रवाई हेतु संचिका उपस्थापित की गयी है।

   निदेश दिया गया कि उक्त उपस्थिति विवरणी पर अग्रेत्तर कार्रवाई संबंधी दिये गये आदेशों का अनुपालन त्वरित रूप से किया जाय तथा 10 बजे के बाद तीन या अधिक दिन कार्यालय आने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों के विरूद्ध सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा यथा निदेशित कार्रवाई के संबंध में पत्र देते हुये अनुपालन प्रतिवेदन प्राप्त किया जाय।

   अनुपालन :– अपर सचिव/अवर सचिव प्रशाखा–01/आई.टी. मैनेजर

2. क्षेत्रीय अभियंताओं विशेषकर विद्युत सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता तथा निदेशक गुणवत्ता अनुश्रवण हेतु कार्यालय भवन की उपलब्धता के सन्दर्भ में अभियंता प्रमुख (विद्युत) द्वारा उपलब्ध कराये गये विद्युत उपभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों की अद्यतन स्थिति प्रतिवेदन सहित सूची के सन्दर्भ में निदेशित किया गया कि अभियंता प्रमुख (असैनिक) के स्तर से सभी संबंधित मुख्य अभियंता को पत्र देते हुये कार्यपालक अभियंता (विद्युत), सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता (विद्युत) के कार्यालय हेतु कार्यपालक अभियंता (असैनिक) के कार्यालय भवन में व्यवस्था करने संबंधी प्रस्ताव प्राप्त किया जाय। यह भी निदेशित किया गया कि अधीक्षण अभियंता (असैनिक/विद्युत) एवं निदेशक, गुणवत्ता अनुश्रवण का कार्यालय एक ही भवन में रखने के सन्दर्भ में भी प्रस्ताव प्राप्त किया जाय।

   अनुपालन :–अभियंता प्रमुख/मुख्य अभियंता (उत्तर/दक्षिण)/मुख्य अभियंता, गुणवत्ता अनुश्रवण।

3. क्षेत्रीय कार्यालयों की भौतिक स्थिति के संदर्भ में पूर्व की बैठक में दिये गये निदेश के अनुपालन के सन्दर्भ में कोई प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराये जाने के आलोक में पुनः निदेशित किया गया कि सभी क्षेत्रीय कार्यालय भवनों की भौतिक स्थिति की समीक्षा कर ली जाय तथा उनको भवन उपयुक्त एवं स्थल पर्याप्त/भवन उपयुक्त एवं स्थल अपर्याप्त/मरम्मती योग्य/तोड़ने योग्य की श्रेणी में वर्गीकृत करते हुए 15 दिन में प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करें।

   अनुपालन :– अभियंता प्रमुख (असैनिक)

4. भवन निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन का निर्माण के सन्दर्भ में मुख्य वास्तुविद् द्वारा बताया गया कि निरीक्षण भवनों का नक्शा तैयार कर लिया गया है। 04 कमरों के पुराने निरीक्षण भवनों को 06 कमरे का निरीक्षण भवन बनाने संबंधी नक्शा तैयार किया गया है। तैयार किये गये नक्शे पर अनुमोदन प्राप्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

निदेश दिया गया कि मुख्य वास्तुविद् सभी निर्माणाधीन निरीक्षण भवनों के लिए फर्निचर ले–आउट प्लान तैयार कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि इसके अनुरूप विद्युतीकरण तथा ए.सी. अधिष्ठापन कार्य कराया जा सके। अभियंता प्रमुख, विद्युत को निदेशित किया गया कि फर्निचर ले–आउट प्लान के अनुसार ही विद्युतीकरण तथा ए.सी अधिष्ठापन कराया जाय तथा इन कार्यों में भवन एवं कमरों की सज्जा एवं सुंदरता का विशेष ध्यान रखा जाय।

अनुपालन :– अभियंता प्रमुख (असैनिक/विद्युत)/सभी मुख्य अभियंता/मुख्य वास्तुविद्।

5. विभिन्न प्रशाखाओं द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार प्रशाखावार लंबित पत्रों की स्थिति निम्नवत् है :–

प्रशाखा का नाम	गत् सप्ताह के पूर्व प्राप्त पत्रों की कुल संख्या	गत् सप्ताह प्राप्त पत्रों की संख्या	प्राप्त पत्रों की कुल संख्या (2+3)	गत् सप्ताह के पूर्व निष्पादित पत्रों की कुल संख्या	गत् सप्ताह निष्पादित पत्रों की संख्या	निष्पादित पत्रों की कुल सं0 (5+6)	निष्पादन हेतु लंबित पत्रों की सं0 (4–7)	महत्वपूर्ण पत्रों का विवरण
1	2	3	4	5	6	7	8	9
प्रशाखा–01 (राज. स्था.)	865	50	915	861	50	911	04	
प्रशाखा–02 (राज. स्था.)	1453	18	1471	1441	22	1463	08	
प्रशाखा–02A (राज. स्था.)	930	50	980	925	50	975	05	
प्रशाखा–03(अराज0)	1092	118	1210	1087	120	1207	03	
प्रशाखा–04 (अराज. स्था.)	765	86	851	752	90	842	09	
प्रशाखा–05 एवं 06 (बजट)	340	31	371	337	28	365	06	
प्रशाखा–07 (विधि)	1113	48	1161	1113	45	1158	03	
प्रशाखा–08 (समन्वय)	325	27	252	325	26	351	01	
प्रशाखा–09 (भू–सम्पदा)	1756	146	1902	1756	138	1894	08	
प्रशाखा–10 (निगरानी)	662	35	697	662	34	696	01	

प्रशाखा–11 (निगरानी)	607	46	653	604	44	651	02	
प्रशाखा–12 (अभि. प्र.योजना)	563	03	566	563	03	566	00	
प्रशाखा–13 (निबंधन)	1150	19	1169	1149	18	1167	02	
प्रशाखा–14 (मु0अ0द0, योजना)	1225	138	1363	1214	137	1351	12	
प्रशाखा–15 (मु0अ0द0, स्थापना)	229	29	258	225	25	250	08	
प्रशाखा–16 एवं 17 (मु0अ0उ0, योजना एवं स्थापना)	3526	179	3705	3526	175	3701	04	
प्रशाखा–18 (मु0अ0 निरूपण)	96	04	100	96	04	100	00	
प्रशाखा–19 (लेखा)	991	50	1041	991	50	1041	00	
प्रशाखा–20 (मु0अ0प0, योजना)	241	46	287	240	43	283	04	
प्रशाखा–21 (मु0अ0प0, स्थापना)	2006	149	2155	1985	152	2137	18	
प्रशाखा–22 (मु0अ0,विद्युत–01 एवं 02)	1203	96	1299	1203	82	1285	14	
प्रशाखा–23 (मु0अ0,गुण.अनु.)	881	53	934	881	36	917	17	
संरचना प्रशाखा	453	34	487	453	31	484	03	
मुख्य निगरानी कोषांग	97	05	102	97	05	102	00	
लोक सूचना कोषांग	340	18	358	340	18	358	00	

6. विभिन्न प्रशाखाओं में लंबित पत्रों की संख्या अधिक पायी गयी। विशेषकर प्रशाखा–14 में 12, प्रशाखा–21 में 18, प्रशाखा–22 में 14 एवं प्रशाखा–23 में 17 पत्र निष्पादन हेतु लंबित हैं। निदेशित किया गया कि इन प्रशाखाओं के प्रभारी पदाधिकारी अपने स्तर से समीक्षा कर पत्रों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करें।

अनुपालन :– सभी अवर सचिव / प्रशाखा पदा0।

7. कार्यालयों के निरीक्षण के संबंध में अभियंता प्रमुख (असैनिक / विद्युत) को निदेशित किया गया कि इस सन्दर्भ में पत्र निर्गत करें कि सभी मुख्य अभियंता, सभी अधीक्षण अभियंता एवं सभी

कार्यपालक अभियंता प्रत्येक माह में अपने अधीनस्थ कार्यालय का निरीक्षण करते हुये निरीक्षण प्रतिवेदन नियंत्री पदाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इस क्रम में प्रथम निरीक्षण माह अक्टूबर में ही किया जाना सुनिश्चित किया जाय। सभी अधीक्षण अभियंता प्रत्येक तीन माह पर अपने अधीनस्थ कार्यपालक अभियंताओं के कार्यालय का निरीक्षण करते हुये प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे। इस सन्दर्भ में प्रथम निरीक्षण माह दिसम्बर में किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

अनुपालन :– अभियंता प्रमुख (असैनिक / विद्युत)

मुख्यालय स्तर पर सभी प्रशाखाओं के प्रभारी पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि अगले 15 दिनों में अपने–अपने प्रशाखाओं का निरीक्षण कर निरीक्षण प्रतिवेदन प्रशाखा–2ए को देना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालन :– सभी प्रभारी पदाधिकारी।

8. **प्रशाखा–04** के समीक्षा के क्रम में प्रभारी संयुक्त सचिव द्वारा बताया गया कि निम्नवर्गीय लिपिक के रिक्त पदों से संबंधित अधियाचना की विसंगतियों / त्रुटियों के निराकरण के संबंध में पूर्व की बैठक में दिये गये निदेश के आलोक में वैसे अंचलों, जिनके द्वारा अब तक अधियाचना नहीं भेंजी गयी है, उन्हें रोस्टर संबंधी प्रतिवेदन के साथ दिनांक–01.10.2026 को विभाग में उपस्थित होने का निदेश दिया गया। प्राप्त प्रतिवेदन पर अग्रेत्तर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

निदेश दिया गया कि त्रुटियों का निराकरण करते हुये यथाशीघ्र पुनः संशोधित अधियाचना सामान्य प्रशासन विभाग को भेजी जाय।

अनुपालन :– संयुक्त सचिव / प्र0 पदा0– प्रशाखा–04

9. **प्रशाखा–07 (विधि)**–विधि प्रशाखा के प्रतिवेदन के अनुसार लंबित न्यायिक वादों की स्थिति निम्नवत् है :–

माननीय उच्च न्यायालय में लंबित M.J.C (अवमाननावादों) की अद्यतन स्थितिः–

SL. N0.	MJC No..... Arising out of CWJC No.....	विषय	Order to be Complied by whom	विभाग में याचिका प्राप्ति की तिथि	वाद की अद्यतन स्थिति
1	2	3	4	5	6
1	MJC No-...../2026 राजीव कुमार चौधरी बनाम बिहार राज्य एवं अन्य Arising Out of order dated-06.07.2026 in CWJC N0-9591/2026	E.E. Darbhanga directed to decide reprensentation within 4 week.	भवन प्रमंडल, दरभंगा	13.08.2026	रिट की प्रति दिनांक–13.08.2026 को प्रेषित।
2	MJC No-2241/2026 संजय कुमार बनाम एवं	Comissioner, Patna has been directed to provide allotment to E.E., Garden Division. The intire process is to be	उद्यान प्रमंडल	13.08.2026	रिट की प्रति दिनांक–13.08.2026 को

	अन्य Arising Out of order dated-28.04.2026 in CWJC N0-20873/2025	completed within 6 week.			प्रेषित।
3	MJC No-2570/2026 Amit Kumar Singh बनाम बिहार राज्य एवं अन्य Arising Out of order dated-23-10-2024 in CWJC N0-3263/2024	Restoration petition	भवन प्रमंडल, मुजफ्फरपुर	27.08.2026	रिट की प्रति दिनांक–31.08.2026 को प्रेषित।
4	MJC No-1199/2026 मेसर्स शीला कन्सट्रक्शन थ्रू इटस प्रोपराइटर चंदन कुमार बनाम बिहार राज्य एवं अन्य Arising Out of order dated-08-05-2026 in CWJC N0-7315/2026	E.E Muzffarpur was directed to consider the representation of the petitioner within six weeks.	भवन प्रमंडल, मुजफ्फरपुर	19.09.2026	रिट की प्रति दिनांक–21.09.2026 को प्रेषित।
5	MJC No-...../2026 रेखा कुमारी चौधरी बनाम बिहार राज्य एवं अन्य Arising Out of order dated-16.06.2025 in CWJC N0-7243/2023	Honorable court quashed the order dt. 24.03.2023 of compassionate appointment comity with direction to Reconsider the case of petitioner.	पटना भवन प्रमंडल	24.09.2026	रिट की प्रति दिनांक–24.09.2026 को प्रेषित।

माननीय उच्च न्यायालय में लंबित CWJC (समादेशवादों) की अद्यतन स्थितिः–

क्र0 सं0	वाद सं0/वादी का नाम	विषय	विभाग में याचिका प्राप्ति की तिथि	**Order to be Complied by whom**	वाद की अद्यतन स्थिति
1	2	3	4	5	6
1	CWJC No-...../2026 कुणाल राज बनाम बिहार राज्य सरकार एवं अन्य	To make payment of Rs. 6,25,084/- against work of Roof treatment, Sanitary, Painting and repair of Fast Track court building,civil court, Samastipur, Painting, parapet raising and other essential work of P.O Quarter (unit 1 to 4) and Essential repair, painting and other work of E-seva Kendra, Samstipur for Year 2024-2025.	13.07.2026	SC-03	तथ्यविवरणी अनुमोदन की प्रक्रिया में।
2	CWJC No-...../2026 शोभा यादव बनाम बिहार राज्य सरकार एवं अन्य	To make payment of Rs. 31,8971- along with compound interest 12% per annum against work of repairing and painting of Quarters P-1, P-3 and P-4 at Office Colony, Bettiah for Year 2023-2024.	17.08.2026	SC-03	तथ्यविवरणी अनुमोदन की प्रक्रिया में।

3	CWJC No-...../2026 कुणाल राज बनाम बिहार राज्य सरकार एवं अन्य	To dispose of the application dated 10.03.2026 of petitioner which was written to the E.E. Samastipur after completion of work Roof treatment, Sanitary, Painting and repair of Fast Track court building,civil court, Samastipur, Painting, parapet raising and other essential work of P.O Quarter (unit 1 to 4) and Essential repair, painting and other work of E-seva Kendra, Samstipur for Year 2024-2025.	07.09.2026	SC-09	रिट की प्रति दिनांक–07.09.2026 के प्रेषित।
4	CWJC No--------/2026 शत्रुघ्न प्रसाद सिंह बनाम बिहार राज्य एवं अन्य	To declare that the petitioner is deemed to have continued in service till his superannuation on 30-06.2021. the petitioner, while posted as Clerk-cum-Typist at Building Division, Kishanganj was arrested on 14.02.2012 by the Vigilance Department on the allegation of accepting a bribe of Rs. 1000/-.	09.09.2026	**GP-11**	रिट की प्रति दिनांक–09.09.2026 के कार्यपालक अभियंता के प्रेषित।
5	CWJC No--------/2026 विकास वर्मा @ विक्की वर्मा बनाम बिहार राज्य एवं अन्य	To cancel the present chosen location and to finalize and approve the vacant govemment ceiling land of more than 8 acres situated near Bakhri Police Station on main PWD road forconstruction of Sub-Divisional Civil Court Building, Bakhri along with residential quafiers for Judges and staff.	16.09.2026	**AG**	रिट की प्रति दिनांक–17.09.2026 को कार्यपालक अभियंता को प्रेषित।
6	CWJC No--------/2026 कुमारी मीरा मिश्रा बनाम बिहार राज्य एवं अन्य	For issuance of writ of certiorari for the quashing the order dt 24 .07.2026 and 6.8.2076 passed by Executive Engineer Building Construction Department Samastipur by which he cancels the conditional agreement no 93/F2 2024 -2025 and rescind the contract work and after calculation of risk of cost order to recovery from petitioner, forfeited the security deposit and further recommended and forwarded to Engineer in Chief cum Additional Commissioner cum Special Secretary ,building construction department, Patna Bihar for blacklisting the Registration no class iii 3210314/7L of the petitioner .	21.09.2026	**AG**	रिट की प्रति दिनांक–21.09.2026 को कार्यपालक अभियंता को प्रेषित।
7	CWJC No--------/2026 अजनी कुमार बनाम बिहार राज्य एवं अन्य	To pay a compensation amount to the petitioner for destruction of standing crops and fertile land which were damage during the construction of Panchayat Bhawan in Satha Saidpur Barari, Akha Kurha village.	25.09.2026	**GA-09**	रिट की प्रति दिनांक–28.09.2026 को कार्यपालक अभियंता को प्रेषित।
8	CWJC No--------/2026 मेसर्स अमित इंटरप्राईजेज बनाम बिहार राज्य एवं अन्य	To release and pay to the Petitioner the outstanding amount of Rs.20,94,74,219/- being the aggregate amount attributable to the 33 works	26.09.2026	**AG**	रिट की प्रति दिनांक–28.09.2026 को कार्यपालक अभियंता को

		executed by the petitioner.			प्रेषित।
9	CWJC No--------/2026 मेसर्स अमित इंटरप्राईजेज बनाम बिहार राज्य एवं अन्य	To make payment of Rs.1,15,85,925/- against work of Exhibition Area and S afe House vv-ittr Barricading etc. at Purnea.	28.09.2026	**GA-02**	रिट की प्रति दिनांक– 28.09.2026 को कार्यपालक अभियंता को प्रेषित।
10	CWJC No-14325/2026 हरि मंडल एवं अन्य बनाम बिहार राज्य सरकार एवं अन्य	To grant full pension and gratuity to the petitioners counting their full service rendered under work charge establishment in the Building Construction Department.	28.07.2026	SC-15	तथ्यविवरणी अनुमोदित
11	CWJC No- ...../2026 मेसर्स विनोद बिहारी Electrical through its proprietor विनोद बिहारी बनाम बिहार राज्य सरकार एवं अन्य	To make payment of Rs. 13,87,2891/- against work of the work done by the petitioner in connection with the agreement No. F2-176 of 2023-24	19.08.2026	SC-03	मुख्य अभियंता, विधुत द्वारा तथ्यविवरणी उपलब्ध कराने हेतु कार्यपालक अभियंता को पत्र प्रेषित।
12	CWJC No- ...../2026 अमर कुमार सिंह उर्फ अमरेन्द्र कुमार सिंह बनाम बिहार राज्य सरकार एवं अन्य	To make payment of Rs. 4,84,255/- against certain work like providing garden tight, campus security light, street light, replacement of campus armoured cable, feeder pillar panel, sub panel in the campus of Quarter No.17, Harding Road, patna.	11.09.2026	SC-03	रिट की प्रति दिनांक– 11.09.2026 को संबंधित कार्यपालक अभियंता को प्रेषित।
13	CWJC No- ...../2026 अमर कुमार सिंह बनाम बिहार राज्य सरकार एवं अन्य	To make payment of Rs.1,80,044/- against work of " certain work like providing electrical goods, like LED Street Light, Light Point, G.I. Box, etc.	26.09.2026	GP-17	रिट की प्रति दिनांक– 28.09.2026 को संबंधित कार्यपालक अभियंता को प्रेषित।
14	CWJC No-12050/2026 M/s nonpareil construction LLP through its desigated Partner Mr. Ranjan Kumar बनाम बिहार राज्य सरकार एवं अन्य	For admitted dues of Rs.01,68,52,866/- against the work for constuction of panchayat Sarkar Bahwan , Harnathpur.	25.06.2026	AG	तथ्यविवरणी अनुमोदन की प्रक्रिया में।
15	CWJC No-...../2026 श्री नवलेश कुमार बनाम बिहार राज्य सरकार एवं अन्य	To make payment of Rs. 75,00,000/- against work of "Construction of IT Centre at Dharhara, District Munger" for Year 2017-2018.	20.08.2026	AG	रिट की प्रति दिनांक–20.08.2026 को संबंधित कार्यपालक अभियंता को प्रेषित।
16	CWJC No-4910/2026 श्याम कुमार बनाम बिहार राज्य एवं अन्य	Payment of dues the sum of Rs. 5,46,593/- (Rs. 4,96,593+ Rs. 50,000/-) against " Earth Filling in low land area for orchard development work in the campus of I-Circular Road Hon'ble Judges residence Patna High Court, Patna for the year 2023-24"	25.06.2026	AAG-05	रिट की प्रति दिनांक–06.02.2026 को कार्यपालक अभियंता को प्रेषित।

17	CWJC No--------/2026 राम कृपाल सिंह कन्सट्रक्शन बनाम बिहार राज्य एवं अन्य	Quashing of the ex parte decision of the Departmental Tender Committee, as contained in Memo No. 888 (P) dated-25.03.2026 for execution of Construction Works at the Hon'ble High Court, Patna Campus, Bihar under the Engineering, Procurement and Construction (EPC) mode, with an estimated cost of Rs-299,90,00,000 /- and a completion period of 18 months.	31.08.2026	AG	रिट की प्रति दिनांक–07.09.2026 को कार्यपालक अभियंता को प्रेषित।
18	CWJC No-11789/2026 सुधाकर सिंह बनाम बिहार राज्य सरकार एवं अन्य	PIL field for constitution of a Court-monitored Special Investigation Team (SIT) for alleged irregularities in the tenders and works of BUIDCO, BCD, UDHD, BMSICL and NMCG-Bihar.	07.09.2026	AG	विधि पदाधिकारी द्वारा मतव्य दिया गया है कि उक्त वाद में प्रतिशपथ पत्र दायर किया जाने की आवश्यकता नहीं है जब तक माननीय न्यायालय द्वारा कोई निदेश प्राप्त ना हो।

माननीय उच्च न्यायालय में लंबित विभिन्न LPA (एल.पी.ए.) की अद्यतन स्थिति :–

1	LPA No-1576/2017 Ramamkant Singh & Ors (Arising Out of CWJC NO-7737/2011) बनाम बिहार राज्य सरकार एवं अन्य	Petitioner Seeks quashing of order dt-24.05.2017 of CWJC N0-7737/2011 whereby Court dismissed the Petitioner claim of regularization in absence of appointment order.	21.09.2026	GP-12	रिट की प्रति दिनांक– 2 09.2026 को संबंधित कार्यपालक अभियंता को प्रेषित।
2	LPA No-...../2026 बिहार राज्य बनाम ललन कुमार एवं अन्य (Arising Out of order dated-03-09-2025 in CWJC N0-346/2023)	Court directed to calculate incentive bonus as per clause 2 A and to pay it within 8 Weeks.			एल0पी0ए0 दायर करने हेतु विधि विभाग भेजी गयी ।
3	LPA No-258/2026 Rajesh Kumar (Arising Out of CWJC NO.268/2025) बनाम बिहार राज्य सरकार एवं अन्य	To put the service of petitioner in OPS and to pay back wages.	26.03.2026	SC-11	मुख्य अभियंता, दक्षिण क पत्रांक–1679 दिनांक–02.07.2026 द्वारा प्रेषित पत्र में अंकित है कि प्रतिशपथ पत्र दायर करने की आवश्यकता नहीं है।

माननीय उच्च न्यायालय में लंबित Request Case की अद्यतन स्थितिः–

क्रम सं0	Execution Case No and Name	Arising Reference Case No and Name	Date of Award/ Amount	work synopsis	Concerned E.E.	अद्यतन स्थिति
1	Execution Case-745/2023	Sole Arbitrator द्वारा	26.09.2022 26,31,906/-	Construction of District Agriculture	भवन प्रमंडल,	सूद की राशि का भुगतान कर बजट प्रशाखा द्वारा

	मेसर्स माधव शर्मा बनाम बिहार सरकार एवं अन्य	पारित Award (02/2021)	+Interest	Building 2020-21	अरवल	संचिका वापस की गयी तथा मूलधन की राशि व भुगतान बजट शाखा द्वारा कृषि विभाग से आवंटन मांग की गयी है।
2	Execution Case-196/2019 अरविंद कुमार बनाम बिहार सरकार एवं अन्य	25/2017	29.08.2018 1,55,21,359/- +Interest	Const. of Block Building at Kaler, Dis-Arwal. Year-2013-14	भवन प्रमंडल, अरवल	विधि विभाग से प्राप्त स्वीकृत्यादेश के आलोक भुगतान की कार्रवाई हेतु संचिका बजट प्रशाखा को पृष्ठांकित है।
3	Execution Case-74/2026 रामाकांत सिंह बनाम बिहार सरकार एवं अन्य	Arbitration Case N0-01/2024	25.01.2026 2,16,63,945/- +Interest	'Construction of ABD & E type Quarters at Tekari " Vide Agreement No-02 SBD of 2016- 17 .	भवन प्रमंडल, गयाजी	सिविल रिव्यू में जाने की प्रकिया में विधि विभाग का मंतव्य प्राप्त करने हेतु संचिका विधि विभाग को पृष्ठांकित है।
4	Execution Case-75/2026 रामाकांत सिंह बनाम बिहार सरकार एवं अन्य	Arbitration Case N0-02/2024	25.01.2026 4,23,35,371/- +Interest	'Construction of Block Office Building-Cum-Residential Building at Bodh Gaya" Vide Agreement No-78 SBD of 2013- 14.	भवन प्रमंडल, गयाजी	सिविल रिव्यू में जाने की प्रकिया में विधि विभाग का मंतव्य प्राप्त करने हेतु संचिका विधि विभाग को पृष्ठांकित है।
5	Execution Case-76/2026 रामाकांत सिंह बनाम बिहार सरकार एवं अन्य	Arbitration Case N0-07/2024	25.01.2026 1,90,08,899/- +Interest	'Construction of 100 Beded old age home at Gaya, District-Gaya, Bihar. "	भवन प्रमंडल, गयाजी	सिविल रिव्यू में जाने की प्रकिया में विधि विभाग का मंतव्य प्राप्त करने हेतु संचिका विधि विभाग को पृष्ठांकित है।
6	Execution Case-760/2023 (Universal Interior Decorator) बनाम बिहार सरकार एवं अन्य	Apr-19	01.02.2023 3,56,596/-	Renovation of Collectorate Building approach Road, Campus development & Main Gate Additional work, Confrence Hall DSP & Record Room at 2nd floor at Collectorate Building, Hazipur Vaishali for the Year 2013-14.	भवन प्रमंडल, हाजीपुर	वादी को भुगतान किया जा चुका है।

7	Execution Case-01/2025 राकेश कुमार बनाम बिहार सरकार एवं अन्य	127/2019	11.02.2021 7,01,697/- (P.A. 6,01,224)	Construction of Residential work Multipurpose Hall at T.P. College, Madhepura for the Year 2016-17	भवन प्रमंडल, मधेपुरा	कार्यपालक अभियंता द्वारा वादी को भुगतान हेतु कोषागार पदाधिका को भेजा गया है।
8	Execution Case-22/2024 मुकेश कुमार सिंह बनाम बिहार सरकार एवं अन्य	296/2017 से 305/2017	26.11.2018 Principal amount 12,43,094/- + interest 23,49,071/-	Tender Work	भवन प्रमंडल, किशनगंज	10 संचिका में सूद क राशि का भुगतान हो ग है ।
9	Execution Case-10/2024 श्री बाबा परशुराम निर्माण लि0 बनाम बिहार सरकार एवं अन्य		1. याचिकाकर्त्ता का दावा राशि 155879/–रू0 (मूल राशि) 2. सूद की राशि 11,45,67/– 3. आदेश में जयघोष की राशि 2,86,277/–	PHE work in D-type building 4 unit new construction in officer's colony L. saray, Darbhanga-12-13	संरचना प्रमंडल, दरभंगा	सूद की राशि के उप–आवंटन हेतु संचिक वित्त विभाग भेजी गय है।

- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि विभाग के अन्तर्गत एम0जे0सी0 के **कुल 05** मामले कारण–पृच्छा दायर करने हेतु लंबित है।

(i) भवन प्रमण्डल, दरभंगा से संबंधित MJC No...../2026 राजीव कुमार चौधरी बनाम बिहार राज्य एवं अन्य से संबंधित रिट की प्रति दिनांक–13.08.2026 को प्रेषित की गयी है। मुख्य अभियंता (उत्तर) को निदेशित किया गया कि ससमय कारण–पृच्छा दायर करना सुनिश्चित किया जाय।

(ii) उद्यान प्रमण्डल से संबंधित MJC No.2241/2026 संजय कुमार बनाम बिहार राज्य एवं अन्य से संबंधित रिट की प्रति दिनांक–13.08.2026 को प्रेषित की गयी है। मुख्य अभियंता (पटना) को निदेशित किया गया कि ससमय कारण–पृच्छा दायर करना सुनिश्चित किया जाय।

(iii) भवन प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर से संबंधित MJC No.2570/2026 Amit Kumar Singh बनाम बिहार राज्य एवं अन्य से संबंधित रिट की प्रति दिनांक–31.08.2026 को प्रेषित की गयी है। मुख्य अभियंता (उत्तर) को निदेशित किया गया कि ससमय कारण–पृच्छा दायर करना सुनिश्चित किया जाय।

(iv) भवन प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर से संबंधित MJC No.1199/2026 मेसर्स शीला कन्सट्रक्शन थ्रू इटस प्रोपराइटर चंदन कुमार बनाम बिहार राज्य एवं अन्य से संबंधित रिट की प्रति दिनांक–21.09.2026 को प्रेषित की गयी है। मुख्य अभियंता (उत्तर) को निदेशित किया गया कि ससमय कारण–पृच्छा दायर करना सुनिश्चित किया जाय।

(v) भवन प्रमण्डल, पटना से संबंधित MJC No...../2026 रेखा कुमारी चौधरी बनाम बिहार राज्य एवं अन्य से संबंधित रिट की प्रति दिनांक–24.09.2026 को प्रेषित की गयी है। मुख्य अभियंता (पटना) को निदेशित किया गया कि ससमय कारण–पृच्छा दायर करना सुनिश्चित किया जाय।

- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि विभाग के अन्तर्गत CWJC के कुल 18 मामले प्रतिशपथ पत्र दायर करने हेतु लंबित है। सभी संबंधित प्रशाखा को निदेश दिया गया कि ससमय प्रतिशपथ पत्र दायर करते हुये ओथ नम्बर सहित इसकी सूचना विधि प्रशाखा को देना सुनिश्चित करेंगे।

- विधि प्रशाखा के प्रतिवेदन के अनुसार भवन निर्माण विभाग से संबंधित Reff. Case की संख्या–206 है। प्रभारी पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी मामले बहुत पुराने है। वर्तमान में रेफरेंश केस का कोई नया मामला नहीं है। सभी मुख्य अभियंता को उनके उपभाग से संबंधित मामलों की लिस्ट भेजते हुये अद्यतन स्थिति के अनुश्रवण का निदेश भी दिया गया है।

- सभी मुख्य अभियंता को निदेशित किया गया कि प्रत्येक 15 (पन्द्रह) दिन में अपने उपभाग के अन्तर्गत सभी कार्यपालक अभियंता के साथ विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से रेफरेंश केस एवं एक्जीक्यूशन केस सहित सभी CWJC/MJC केस की समीक्षा बैठक करते हुये आवश्यक निदेश निर्गत करें। अनुपालन नहीं होने पर संबंधित कार्यपाल अभियंता के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने का प्रस्ताव समर्पित किया जाय। सभी मुख्य अभियंता उक्त बैठक की कार्यवाही भी समर्पित करेंगे।

अनुपालनः– सभी मुख्य अभियंता एवं प्रभारी पदाधिकारी संबंधित प्रशाखा।

10. प्रशाखा–08 (समन्वय) के समीक्षा के दौरान प्रभारी पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि विधान सभा के 02 एवं विधान परिषद का 02 मामला लंबित हैं।

निदेश दिया गया कि सभी मामलों में यथाशीघ्र कार्रवाई करते हुये उत्तर प्रतिवेदन विधान मंडल सचिवालय को उपलब्ध करा दिया जाय।

अनुपालन :–संयुक्त सचिव एवं प्रशाखा पदा०–प्रशाखा– 08

11. प्रशाखा–09 (भू–सम्पदा) भू–सम्पदा पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि पूर्व के बैठकों में प्राप्त निदेश के आलोक में सभी भवन प्रमण्डलों से भवन निर्माण विभाग के स्वामित्व वाली भूमि से संबंधित विवरणी विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने हेतु (विभागीय पत्रांक–6279, दिनांक–09.07.

2026, पत्रांक–7227 दिनांक–31.07.2026 एवं पत्रांक–7569 दिनांक–12.08.2026) निदेशित किया गया। अभी तक मात्र भवन प्रमण्डल, मधेपुरा तथा औरंगाबाद द्वारा प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। निदेशित किया गया कि उक्त कार्य के सन्दर्भ में तेजी से कार्रवाई की जाय।

सभी मुख्य अभियंता को निदेशित किया गया कि अपने स्तर से समीक्षा कर भवन निर्माण विभाग के स्वामित्व वाली भूमि का विवरण प्राप्त करें। जिन प्रमंडलों में भवन निर्माण विभाग का कार्यालय नहीं है तथा कार्यालय निर्माण हेतु भूमि भी उपलब्ध नहीं है, से संबंधित प्रतिवेदन भू–संपदा पदाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अनुपालन :– सभी मुख्य अभियंता/भू–संपदा पदाधिकारी।

12. प्रशाखा–10 एवं 11 (निगरानी) के उप सचिव द्वारा जानकारी दी गई कि प्रशाखा–10 में 56 परिवाद पत्र निष्पादन हेतु लंबित है। इसी प्रकार प्रशाखा–11 में 86 परिवाद पत्र निष्पादन हेतु लंबित हैं। प्रशाखा–10 में 03 माह से अधिक अवधि से लंबित परिवादों की संख्या–11 है तथा प्रशाखा–11 में 03 माह से अधिक अवधि से लंबित परिवादों की संख्या–09 है।

निदेशित किया गया कि 03 माह से अधिक अवधि से लंबित परिवादों से संबंधित पदाधिकारियों को स्मारित कर तथा उनके साथ समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र प्रतिवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाय।

अनुपालन :–उप सचिव/अवर सचिव (निग. प्रशाखा 10 एवं 11)

13. प्रशाखा–12 (अभियंता प्रमुख योजना) एवं प्रशाखा–13 (निबंधन) के प्रतिवेदनों की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि भवन निर्माण विभाग के अन्तर्गत प्रथम श्रेणी के 1032, द्वितीय श्रेणी के 2379, तृतीय श्रेणी के 4845 एवं अनियोजित अभियंता श्रेणी के 71 संवेदक पंजीकृत है।

नये निबंधन पोर्टल के संबंध में यह बताया गया कि एन0आई0सी0 से समेकित प्राक्कलन प्राप्त हुआ था। भुगतान की कार्रवाई के लिए मदवार प्राक्कलन की आवश्यकता है। एन0आई0सी0 से मदवार प्राक्कलन की माँग की गयी है। भुगतान के उपरान्त नया निबंधन पोर्टल Launch करने की कार्रवाई की जायेगी।

निदेशित किया गया कि एन0आई0सी0 से समन्वय स्थापित करते हुये यथाशीघ्र नया निबंधन पोर्टल लॉच किया जाय।

अनुपालन :– अभियंता प्रमुख/आई0टी0 मैनेजर

14. मुख्य अभियंताओं से संबंधित विभिन्न प्रशाखाओं की समीक्षा में मुख्य अभियंताओं द्वारा निविदाओं के निष्पादन से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

निदेशित किया गया कि सभी मुख्य अभियंता प्रत्येक बैठक से एक दिन पूर्व के कार्य दिवस को निविदाओं के निष्पादन से संबंधित प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में देना सुनिश्चित करेंगे, ताकि इसे पी0पी0टी0 में सम्मिलित किया जा सके।

अनुपालन :– मुख्य अभियंता (उत्तर/पटना/दक्षिण/विद्युत–01 एवं 02)

15. **मुख्य निगरानी पदाधिकारी कोषांग** के प्रतिवेदन के अनुसार कोषांग में कोई पत्र निष्पादन हेतु लंबित नहीं है। निगरानी प्रशाखा के प्रतिवेदन के अनुसार निगरानी विभाग के पोर्टल पर कुल 63 परिवाद प्राप्त हुये है, जिनमें से 30 परिवादों को Close कर दिया गया है, 14 परिवाद पोर्टल पर Closer की प्रक्रिया में है तथा शेष 19 परिवाद लंबित प्रदर्शित है। लंबित प्रदर्शित 19 परिवादों में से 03 परिवाद संचिकास्त हैं, एक परिवाद के सन्दर्भ में कार्रवाई पूर्ण करते हुये निष्पादित कर दिया गया है तथा शेष 16 परिवादों में कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

निदेश दिया गया कि 16 प्रक्रियाधीन मामलों के निष्पादन हेतु भी त्वरित कार्रवाई की जाय।

अनुपालन :– अवर सचिव, निगरानी प्रशाखा–10 एवं 11

16. **PMIS – PMU Lead** द्वारा बताया गया कि PMIS पर कार्यपालक अभियंताओं द्वारा दिनांक–15.09.2026 से दिनांक–01.10.2026 तक की अवधि में मुख्य अभियंता (उत्तर) के अन्तर्गत 319 में से 212, मुख्य अभियंता (दक्षिण) के अन्तर्गत 179 में से 123 एवं मुख्य अभियंता (पटना) के अन्तर्गत 84 में से 84 योजनाएं अपडेट की गयी है। इस प्रकार मुख्य अभियंता (उत्तर) के अन्तर्गत 107 एवं मुख्य अभियंता (दक्षिण) के अन्तर्गत 56 योजनाए अपडेट नहीं की गयी है।

भवन प्रमण्डल, बेगूसराय, छपरा, दरभंगा, गोपालगंज, हाजीपुर, किशनगंज, मधेपुरा, सिवान एवं सुपौल द्वारा अपने प्रमण्डल में संचालित क्रमशः 13, 12, 10, 06 10, 06, 17, 19 एवं 10 योजनाए अपडेट नहीं की गयी है। इसी प्रकार भवन प्रमण्डल, औरंगाबाद, भागलपुर, बक्सर, गया एवं सासाराम द्वारा क्रमशः 14, 09, 08, 09 एवं 11 योजना अपडेट नहीं की गयी है, जिसपर असंतोष व्यक्त किया गया।

निदेश दिया गया कि उक्त सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशक अनुश्रवण के स्तर से Show cause करते हुये उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई के संबंध में आदेश प्राप्त करने हेतु संचिका के माध्यम से प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाय।

अनुपालन :–निदेशक अनुश्रवण।

17. समीक्षा बैठक में यह पाया गया कि पूर्व की बैठकों में दिये गये निदेशों के अनुपालन की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रहीं है। निदेश दिया गया कि बैठक की कार्रवाई में दिये गये निदेशों के अनुपालन संबंधी प्रतिवेदन प्राप्त करते हुये संचिका के माध्यम से अवलोकनार्थ/आदेशार्थ उपस्थापित किया जाय।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

ह0/–

(प्रणव कुमार)
सचिव,
भवन निर्माण विभाग।

ज्ञापांक– भवन–12 / अभि0प्र0(यो0)–02–विविध–19 / 2019..... **पटना, दिनांक**–.....

प्रतिलिपि–सचिव के आप्त सचिव / अभियंता प्रमुख, विद्युत / सभी अपर सचिव / सभी मुख्य अभियंता / सभी संयुक्त सचिव / उप सचिव / सभी अवर सचिव / सभी प्रशाखा पदाधिकारी, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव।

ज्ञापांक– भवन–12 / अभि0प्र0(यो0)–02–विविध–19 / 2019 9752(11) **पटना, दिनांक**– 14/10/26

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14.10.26

अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव।